प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 रविवार दिनांक 19.01.2025

मुख्य समाचारः—

- प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में कहा कि भारत, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में नये मानक स्थापित कर रहा है—बिलासपुर जिले के गुरू घासीदास तमोर पिंगला टाईगर रिजर्व का भी किया जिक्र।
- राज्य मंत्रिमंडल ने किसानों को धान खरीदी की प्रति क्विंटल आठ सौ रूपये की अंतर राशि का एकमुश्त भुगतान फरवरी महीने में करने का लिया निर्णय।
- राज्य के ग्रामीण भूमिहीन श्रमिकों को अब दस—दस हजार रूपए की राशि सालाना प्रदान की जाएगी।
- सुकमा जिले में पुलिस ने दो इनामी समेत तीन माओवादियों को किया गिरफ्तार।

मन की बात—01

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत, प्रखर वैज्ञानिकों और नवोन्मेषी वैज्ञानिकों की बदौलत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नये मानदंड स्थापित कर रहा है, जिससे भावी चुनौतियों के समाधान उपलब्ध होंगे। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम की एक सौ अट्ठारहवीं कड़ी में अंतरिक्ष में उपग्रहों की डॉकिंग में मिली सफलता के संबंध में कहा कि यह तकनीक अंतरिक्ष केंद्रों को सामग्री की आपूर्ति और अंतरिक्ष में यात्रियों को भेजने के लिए महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री ने देशवासियों को पचहत्तरवें गणतंत्र दिवस की भी अग्रिम शुभकामना दी।

*इस बार का 'गणतंत्र दिवस' बहुत विशेष है। ये भारतीय गणतंत्र की 75वीं वर्षगांठ है। संविधान लागू होने के 75 साल हो रहे हैं। मैं संविधान सभा के उन सभी महान व्यक्तित्वों को नमन करता हूँ, जिन्होंने हमें हमारा पवित्र संविधान दिया।*

मन की बात–02

उत्तरप्रदेश में प्रयागराज में चल रहे कुंभ मेले के संबंध में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह समता–समरसता का एक असाधारण संगम है।

कुंभ का ये उत्सव विविधता में एकता का उत्सव मनाता है। संगम की रेती पर पूरे भारत के, पूरे विश्व के लोग, जुटते हैं। हजारों वर्षों से चली या रही इस परंपरा में कहीं भी कोई भेदभाव नहीं। सब लोग संगम में डुबकी लगाते हैं, तभी तो 'कुंभ' एकता का महाकुंभ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार कुंभ में बड़े पैमाने पर डिजिटल तकनीक का उपयोग हो रहा है और कुंभ की ये वैश्विक लोकप्रियता हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है।

प्रधानमंत्री ने वन्य प्राणियों के साथ मनुष्य के जुड़ाव के संबंध में कहा कि भारतीय संस्कृति और विरासत आसपास के पशु–पक्षियों के साथ प्यार से रहना सिखाती है।

मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के गुरू घासीदास तमोर पिंगला टाईगर रिजर्व का भी जिक्र किया।

प्रधानमंत्री ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के योगदान को याद करते हुए कहा कि तेईस जनवरी को नेताजी की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जाएगी।

छत्तीसगढ़ के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक प्रेम कुमार ने बताया कि गुरू घासीदास टाईगर रिजर्व में वर्तमान में करीब सात से आठ टाईगर हैं।

विधानसभा अध्यक्ष–प्रधानमंत्री

छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान डॉक्टर सिंह ने प्रधानमंत्री से प्रदेश के रजत जयंती वर्ष और छत्तीसगढ़ से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। साथ ही प्रधानमंत्री को छत्तीसगढ़ आने का न्यौता भी दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को माता बम्लेश्वरी का छायाचित्र भेंट किया।

मंत्रिपरिषद निर्णय–01

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक हुई। बैठक के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने बताया कि राज्य सरकार किसानों को धान खरीदी की अंतर राशि का एकमुश्त भुगतान फरवरी महीने में ही करेगी।

राज्य मंत्रिमंडल ने मिनी स्टील प्लांट और स्टील उद्योग को बढ़ावा देने के लिए विशेष राहत पैकेज के तहत छूट देने का निर्णय लिया है।

वहीं, मंत्रिमंडल ने राज्य के कलाकारों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता राशि पच्चीस हजार रूपए से बढ़ाकर अब अधिकतम पचास हजार रूपए कर दिया है। साथ ही कलाकारों की मृत्यु होने पर एक लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि दी जाएगी। मंत्रिमंडल ने छात्र स्किलिंग प्रोग्राम के तहत नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के साथ एमओयू करने का निर्णय लिया है। यह प्रशिक्षण स्कूलों और कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए संचालित किया जाएगा। बैठक में नवा रायपुर अटल नगर में श्री सत्य सांई हेल्थ और एजुकेशन ट्रस्ट को अतिरिक्त पांच एकड़ भूमि निःशुल्क आबंटित करने और आर्ट ऑफ लिविंग की स्थापना के लिए चालीस एकड़ भूमि रियायती दर पर आबंटित करने का निर्णय लिया गया है।

मंत्रिपरिषद निर्णय–02

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के तहत एक लाख बत्तीस हजार हितग्राहियों के लिए पांच सौ अड़तीस करोड़ रूपये का अतिरिक्त राज्यांश का अनुमोदन किया गया है। कैबिनेट ने रेडी–टू–ईट निर्माण का जिम्मा महिला स्व–सहायता समूहों को सौंपने का निर्णय लिया है। पहले चरण में पांच जिलों में महिला स्व–सहायता समूहों को यह काम दिया जाएगा। बैठक में त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं में अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व और आरक्षण संबंधी प्रावधानों में संशोधन कर जारी अध्यादेश की समयावधि को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

<u>मुख्यमंत्री–सक्ती / सारंगढ़–बिलाईगढ़</u>

राज्य के ग्रामीण भूमिहीन श्रमिकों को अब दस–दस हजार रूपए की राशि सालाना प्रदान की जाएगी। यह घोषणा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सक्ती जिले में आयोजित कार्यक्रम में की। उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश के पांच लाख बासठ हजार श्रमिकों को फायदा मिलेगा। कार्यक्रम में श्री साय ने जिले में एक सौ अड़सठ करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जिले के दमऊदरहा को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का ऐलान किया।

वहीं, मुख्यमंत्री ने आज सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले में लगभग एक सौ सैंतीस करोड़ रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन, शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जिले में उद्योग लगाने के लिए अलग से जमीन का आवंटन करने, पचास सीटर छात्रावास और विश्राम भवन बनाने की घोषणा की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने किसानों को सिंचाई के लिए दी जाने वाली बिजली दर में छूट से संबंधित योजना का नाम स्वतंत्रता सेनानी डॉक्टर खूबचंद बघेल के नाम पर करने की घोषणा की।

<u>माओवादी गिरफ्तार</u>

सुकमा जिले के चिंतागुफा थाना क्षेत्र से पुलिस ने दो इनामी समेत तीन माओवादियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक माओवादी पर दो लाख रूपये और दूसरे पर एक लाख रूपये का इनाम घोषित था। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार माओवादी पिछले वर्ष दुलेड़ के पास एक पिकअप वाहन में हुई लूटपाट और आगजनी की घटना में शामिल थे।

स्टार्टअप इंडिया–विशेष कार्यक्रम

श्रोताओं, स्टार्टअप इंडिया के नौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर प्रादेशिक समाचार एकांश, रायपुर द्वारा एक विशेष कार्यक्रम तैयार किया गया है। इसका प्रसारण आकाशवाणी रायपुर से कल बीस जनवरी को सुबह नौ बजे से नौ बजकर पांच मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र एक साथ रिले करेंगे।

केन्द्रीय मंत्री–गिरिराज सिंह–दौरा

केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर आज रायपुर पहुंचे। अपने प्रवास के दौरान वे कल बीस जनवरी को रायपुर के भनपुरी स्थित एक रेशम उद्योग संस्थान का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद श्री सिंह इसी दिन भिलाई के लिए रवाना होगें, जहां वे आईआईटी भिलाई द्वारा प्रस्तुत प्रजेंटेशन के अवलोकन के साथ ही अधिकारियों के साथ बैठक में शामिल होंगे।

कोंडागांव–गांजा बरामद

कोंडागांव जिले की कोतवाली पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर गांजे की बिक्री कर रहे ग्यारह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, दो नाबालिगों पर भी कार्रवाई की गई है। यह पहली बार है कि नशे पर रोक लगाने के लिए जिले में नारकोटिक्स एक्ट के तहत ग्यारह आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में गांजा बरामद किया है।

संक्षिप्त समाचार

- महासमुंद में पदस्थ कनिष्ठ न्यायिक सेवा अधिकारी आकांक्षा भारद्वाज की सेवाओं को विधि और विधायी विभाग ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की अनुशंसा पर समाप्त कर दिया है।
- सक्ती जिले की पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने कार्य में लापरवाही बरतने
- के आरोप में निरीक्षक प्रवीण राजपूत को निलंबित कर दिया है।
- कोरबा जिले के ग्राम पंचायत तिलकेजा में स्व–सहायता समूह की महिलाओं ने पुलिस की मौजूदगी में शराब से भरे दर्जनों जरीकेन को जलाकर नष्ट कर दिया।
- बीजापुर जिले की बासागुड़ा पुलिस ने करीब दो सौ सात पेटी अवैध शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है।
- नारायणपुर जिले में आज अबूझमाड़ हाफ मैराथन का आयोजन किया जाता है। दस किलोमीटर मिनी मैराथन में महिला वर्ग में भोपाल की धावक और पुरूष वर्ग में मोहला–मानपुर जिले के धावक ने पहला स्थान हासिल किया।

<><><><><>